भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2037

दिनांक 30 जुलाई, 2026 को उत्तरार्थ

.....

बिजनौर जिले में पीली बांध जलाशय

2037. श्री चंदन चौहानः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में पीली बांध जलाशय के सूखने के कारण सिंचाई संकट से हजारों किसान और लगभग चालीस हजार बीघा कृषि भूमि प्रभावित हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने इस स्थिति के कारणों जैसे वर्षा की कमी, जलवायु परिवर्तन, गाद जमाव, जल प्रबंधन अथवा अन्य किन्हीं कारणों पर कोई तकनीकी अध्ययन कराया है और यदि हां, तो इसके मुख्य निष्कर्ष क्या हैं;

(ग) भविष्य में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए जलाशय पुनर्भरण, गाद निकालने, वर्षा जल संचयन, वैकल्पिक सिंचाई स्रोतों और जल संरक्षण के संबंध में सरकार द्वारा क्या स्थायी उपाय प्रस्तावित हैं; और

(घ) प्रभावित किसानों को समयबद्ध सिंचाई सुविधाएं प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा क्या तात्कालिक और दीर्घकालिक कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री
(श्री राज भूषण चौधरी)

(क): जल के राज्य का विषय होन के कारण, जल संसाधन परियोजनाओं की योजना, वित्तपोषण, उनका क्रियान्वयन और उनका प्रबंधन करना संबंधित राज्य सरकारें अपने संसाधनों और प्राथमिकताओं के अनुसार स्वयं करती हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार ने सूचित किया गया है कि वर्ष 2025-26 के दौरान पीली बांध जलाशय की नहर प्रणाली के अंतर्गत सिंचित क्षेत्र उतना ही रहा है, जितना विगत वर्षों में, इस प्रणाली से सिंचाई की गई थी, जिससे यह ज्ञात होता है कि पीली जलाशय से होने वाली सिंचाई में कोई कमी नहीं आई है।

पिली बांध जलाशय से निकलने वाली जटपुरा नहर प्रणाली में खरीफ और रबी, दोनों मौसमों में लगभग 1200 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई करने की क्षमता है। विगत तीन वर्षों के दौरान इस प्रणाली के माध्यम से की गई सिंचाई का ब्यौरा निम्नानुसार है।

वर्ष	खरीफ़ मौसम में सिंचित क्षेत्र (हेक्टेयर में)	रबी मौसम में सिंचित क्षेत्र (हेक्टेयर में)
2025-26	1245	1273
2024-25	1192	1271
2023-24	1191	1269

उत्तर प्रदेश सरकार ने आगे सूचित किया गया है कि इस खरीफ के मौसम के लिए सिंचाई हेतु जलापूर्ति जुलाई के पहले सप्ताह से शुरू हो गई है। वर्तमान में, पिली जलाशय में सिंचाई के लिए 5.49 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी उपलब्ध है।

(ख) से (घ): उपरोक्त के मद्देनजर, प्रश्न नहीं उठता।

*****